Magazine Clips

July 8, 2016

India Today Hindi Edition Delhi
6.7.2016 Page 64
Height 27.82cm Width 32.97 cm

टेक्निकल

यूनिवर्सिटी स्पेशल

इंजीनियरिंग और शिक्षा की क्रांति

बेहतर विकल्प, पाठ्यक्रम से अलहदा गतिविधियों पर जोर और हरियाली से भरपूर कैंपस आइआइटी-बॉम्बे में पढ़ाई को मजेदार बना देता है

टॉप 20
टेक्निकल यूनिवर्सिटी

रैंक	यूनिवर्सिटी के नाम (टेक्नोलॉजी)	यूनिवर्सिटी की प्रतिष्ठा	एकेडमिक इनपुट की क्वालिटी	फैकल्टी	रिसर्च पब्लिकेशन	स्टूडेंट केयर	यूनिवर्सिटी ब्रांड	इनोवेशन और स्टार्टअप	दाखिला प्रक्रिया	प्लेसमेंट	आधारभूत इन्फ्रास्ट्रक्चर	छात्रों के लिए सुरक्षा	कुल स्कोर	अव-सरचना रैंक
1	इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बॉम्बे	1	1	1	1	1	1	1	1	1	1	1	246901	1
2	इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दिल्ली	2	2	2	2	2	2	2	2	2	2	2	236946	2
3	इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मद्रास	3	3	3	3	3	2	3	3	3	3	3	231413	3
4	इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कानपुर	4	4	4	4	4	4	4	4	4	4	4	225626	4
5	इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, खड़गपुर	5	5	5	5	5	5	5	5	5	5	5	218779	5
6	इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रुड़की	6	6	6	6	6	6	6	6	6	6	6	150002	6
7	इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गुवाहाटी	7	7	7	7	7	7	7	7	7	7	7	101669	7
8	इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, तिरुचिरापल्ली	8	8	8	9	8	8	8	8	8	8	8	76491	8
9	इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सूरतकल	9	9	9	8	9	9	9	9	9	9	9	74558	9
10	इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वारंगल	10	10	11	10	11	10	10	10	11	10	10	55688	10
11	इंडियन स्कूल ऑफ माइंस, धनबाद	11	11	10	11	10	11	11	11	10	11	11	54316	11
12	यादवपुर यूनिवर्सिटी, कोलकाता	12	12	12	12	12	12	12	12	12	12	12	49881	12
13	इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी, मुंबई	13	13	13	13	13	13	13	13	13	13	13	40312	13
14	वीआइटी यूनिवर्सिटी, वेल्लूर	14	14	14	14	14	14	14	14	14	13	14	37939	14
15	इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस ऐंड टेक्नोलॉजी, तिरुअनंतपुरम	15	15	15	15	15	15	15	15	15	15	15	35483	15
16	होमी भाभा नेशनल इंस्टीट्यूट, मुंबई	16	16	16	17	16	16	16	17	17	16	16	28966	16
17	इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, हैदराबाद	17	17	17	16	17	17	17	16	16	17	18	27733	17
18	इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, इंदौर	18	18	18	19	18	19	18	18	18	18	17	25751	18
19	मोतीलाल नेहरू नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, इलाहाबाद	19	18	18	18	18	20	19	19	18	19	19	25146	19
20	नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दुर्गापुर	20	18	20	20	21	17	20	20	20	20	21	23922	20

गुरु मंत्र

"विषयों के ढेरों विकल्प के साथ बेहद लचीला पाठ्यक्रम और पाठ्यक्रम से अलहदा गतिविधियों पर जोर आइआइटी-बॉम्बे की पढ़ाई को बेहद असरदार बना देता है."

देवांग खाखड़, *निदेशक*

हैं. कैंपस प्लेसमेंट में जून 2015 तक 310 संगठनों ने हिस्सा लिया और 1,118 नौकरियों की पेशकश की. साल 2014-15 में प्लेसमेंट के लिए सबसे ज्यादा 1,675 रजिस्ट्रेशन हुए, उनमें से 1,118 को नौकरियां मिलीं. संस्थान से पढ़कर अच्छे काबिल इंजीनियर ही नहीं निकले, बल्कि उतने ही काबिल सलाहकार भी निकले हैं. पिछले साल डाटा एनालिटिक्स के क्षेत्र में 155 नौकरियों की पेशकश की गई, जिससे इसे

टेक्निकल

यूनिवर्सिटी स्पेशल

संख्या

छात्र	फैकल्टी
10,000	596

लोकप्रिय विषय

- कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग
- इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
- मेकैनिकल इंजीनियरिंग

नया क्या है

- बैचलर ऑफ डिजाइन
- एग्जीक्यूटिव एमबीए, सेंट लुई की वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर

शानदार फेस्टिवल

- मूड इंडिगो: कॉलेज लेवल का एशिया का सबसे बड़ा कल्चरल फेस्टिवल
- टेकफेस्ट: साइंटिफिक सोच, नई खोज और टेक्नोलॉजी को प्रोत्साहित करने के लिए साइंस ऐंड टेक्नोलॉजी फेस्टिवल

वेतन की पेशकश

सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय	सर्वाधिक घरेलू	औसत
65 लाख सालाना	34 लाख सालाना	9.5 लाख सालाना

क्या आप जानते हैं?

सबसे अमीर आइआइटियन भरत देसाई यहीं से हैं

आइआइटी-बॉम्बे में क्या है खास?

1. बेहद लचीला पाठ्यक्रम छात्रों को दबावमुक्त कर देता है. आप सिविल इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस एक साथ पढ़ सकते हैं
2. पिछले दो साल में इसने शोध और विकास पर 243 करोड़ रु. खर्च किए हैं
3. इसने अपने इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और फ्यूल एडिटिव्ज सरीखे नवाचारों के लिए लाइसेंस हासिल किए हैं
4. पाठ्यक्रम से अलहदा गतिविधियों पर जोर से छात्रों को फायदा मिलता है क्योंकि ये उन्हें पूरे साल भर संस्कृति, खेल, टेक्नोलॉजी और मुकाबलों में लगाए रखती है
5. यह अपने दो बड़े आयोजनों मूड इंडिगो और टेकफेस्ट के जरिए उद्यमशीलता को बढ़ावा देता है. टेकफेस्ट को दुनिया भर से प्रायोजक मिलते हैं जो अक्सर करोड़ों रु. लगाने के लिए तैयार रहते हैं

इंजीनियरिंग और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के बाद भर्ती का सबसे बड़ा क्षेत्र बना दिया. इसके बाद कॉर्पोरेट कंसल्टिंग (107), वित्तीय सेवाओं (100), आरऐंडडी (48) और शैक्षणिक संस्थाओं (45), सार्वजनिक क्षेत्र (10) और एफएमसीजी (6) में सबसे ज्यादा नौकरियों की पेशकश की गई थी. इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में सबसे ज्यादा 381 नौकरियां मिलीं और उसके बाद आइटी (199) का नंबर आता है.

2015 में तकरीबन 365 नौकरियां 11 लाख रु. से ज्यादा सालाना वेतन की मिलीं. केवल 8 3 नौकरियां 5 लाख रु. से कम सालाना वेतन की थीं. देश में सबसे ज्यादा वेतन वाली नौकरी सालाना 34 लाख रु. की थी और विदेश में सबसे ऊंची तनख्वाह वाली नौकरी सालाना 65 लाख रु. की थी. देश के भीतर नौकरियों की औसत तनख्वाह 9.5 लाख रु. सालाना थी.

आइआइटी-बॉम्बे का कैंपस विहार और पवई की दो झीलों के नजदीक स्थित है. यह प्राकृतिक माहौल छात्रों के लिए कुदरत का वरदान सरीखा है. यहां के छात्र अर्चित सनाढ्य कहते हैं कि यहां की हरियाली और दिलखुश माहौल उन्हें ऊर्जा से भरपूर बनाए रखता है. यहां के गुलमोहर कैफेटेरिया को छात्र गुल्लू कहते हैं. यह और स्टुडेंट्स एक्टिविटी सेंटर उनके पसंदीदा अड्डे हैं.

डायरेक्टर देवांग खाखर का कहना है कि विषयों के ढेरों विकल्प देने वाला लचीला पाठ्यक्रम और व्यावहारिक तरीकों से तालीम आइआइटी-बॉम्बे की पढ़ाई को बहुत असरदार बना देते हैं. वे कहते हैं, ''कैंपस का अनुभव हमारे छात्रों को कायापलट कर देता है. हम उन्हें सख्त अकादमिक काम और शानदार पाठ्येतर सहूलियतें मुहैया करते हैं. हमारी आधुनिक प्रयोगशालाएं छात्रों को शोध में हिस्सा लेने का मौका देती हैं. हमारी बुनियादी ताकत हमारे लाजवाब शिक्षक हैं.''

संस्थान ने पिछले साल वाशिंगटन यूनिवर्सिटी, सेंट लुई के साथ मिलकर दो नए पाठ्यक्रम शुरू किए: बैचलर इन डिजाइन (बीडीईएस) और एग्जीक्यूटिव एमबीए. बीडीईएस पाठ्यक्रम की 35 सीटों के लिए तकरीबन 800 छात्रों ने आवेदन किया.

कैंपस के 16 छात्रावासों में से हरेक में अलग जिम, खेल की जगहें, खेलों की लाइब्रेरी, मेस और दुकानें हैं जो छात्रों को मुस्तैद रखती हैं. वे साल के दो बड़े आयोजनों का भी इंतजार करते हैं. एक है मूड इंडिगो जो कॉलेज स्तर का एशिया का सबसे बड़ा सांस्कृतिक महोत्सव है और दूसरा है टेकफेस्ट जो साइंस और टेक्नोलॉजी का मेला है और प्रौद्योगिकी, वैज्ञानिक चिंतन और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जाता है.

इसके दो पूर्व छात्रों रक्षा मंत्री मनोहर पर्रीकर और उद्यमी से सियासतदां बने नंदन नीलेकणि की सादगी की कहानियां तो खूब सुनाई जाती हैं. लेकिन दूसरे पूर्व छात्र भी बराबर दिलचस्पी जगाते हैं. उनमें आइटी कंपनी सिंटेल के चेयरमैन भरत देसाई भी हैं. एक छात्र कहते हैं, ''आखिर वे सबसे अमीर आइआइटियन जो हैं.'' और उनके रोल मॉडल भी. ■